1000205 - C1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course A)
(पाठ्यक्रम अ)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड 'क'

1. ***निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए।*** **5**

जब कोई युवा अपने घर से बाहर निकलता है तो पहली कठिनाई उसे मित्र चुनने में पड़ती है। यदि उसकी स्थिति बिलकुल एकांत और निराली नहीं रहती तो उसकी जान-पहचान के लोग धड़ाधड़ बढ़ते जाते हैं और थोड़े ही दिनों में कुछ लोगों से उसका हेल-मेल बढ़ते-बढ़ते मित्रता के रूप में परिणत हो जाता है। मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर उसके जीवन की सफलता निर्भर हो जाती है, क्योंकि संगति का गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर बड़ा भारी पड़ता है। हम लोग ऐसे समय में समाज में प्रवेश करके अपना कार्य आरंभ करते हैं, जबकि हमारा चित्त कोमल और हर तरह का संस्कार ग्रहण करने योग्य रहता है। हमारे भाव अपरिमार्जित और हमारी प्रवृत्ति अपरिपक्व रहती है। हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं, जिसे जो जिस रूप में चाहे, उस रूप में ढालें-चाहे राक्षस, बनाए, चाहे देवता।

(1) घर से निकलने पर किसी युवा को पहली कठिनाई क्या होती है? **1**

(क) खान-पान की (ख) मित्र चुनना

(ग) रहने को घर (घ) धन की कमी

(2) हेल-मेल बढ़ते-बढ़ते किस रूप में परिणत हो जाता है? **1**

(क) जान-पहचान के रूप में (ख) शत्रुता के रूप में

(ग) सफलता के रूप में (घ) मित्रता के रूप में

(3) हमारे आचरण पर किसका भारी प्रभाव पड़ता है? **1**

(क) संगति का (ख) समाज का

(ग) मित्रों का (घ) संबंधियों का

(4) किस अवस्था में हमारे भाव अपरिमार्जित और हमारी प्रवृत्ति अपरिपक्व रहती है? **1**

(क) बाल्यावस्था में (ख) वृद्धावस्था में

(ग) युवावस्था में (घ) बचपन में

(5) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक बताइए। **1**

(क) युवावस्था और मित्रता (ख) युवाओं के मित्र

(ग) युवाओं का जीवन (घ) युवा वर्ग

2. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर से सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **5**

व्यक्ति के जीवन में संतोष का बहुत महत्त्व है। संतोषी व्यक्ति सुखी रहता है। असंतोष सब व्याधियों की जड़ है। महात्मा कबीर ने कहा है कि धन-दौलत से कभी संतोष नहीं मिलता। संतोष रूपी धन मिलने पर समस्त वैभव धूल के समान प्रतीत होता है। व्यक्ति जितना अधिक धन पाता जाता है उतना ही असंतोष उपजता जाता है। यह असंतोष मानसिक तनाव उत्पन्न करता है जो अनेक रोगों की जड़ है। धन व्यक्ति को उलझनों में फँसाता जाता है। साधु को संतोषी बनाया गया है क्योंकि भोजन मात्र की प्राप्ति से उसे संतोष मिल जाता है। हमें

भी साधु जैसा होना चाहिए। हमें अपनी इच्छाओं को सीमित रखना चाहिए। जब इच्छाएँ हम पर हावी हो जाती हैं तो हमारा मन सदा असंतुष्ट रहता है। सांसारिक वस्तुएँ हमें कभी संतोष नहीं दे सकतीं। संतोष का संबंध मन से है। संतोष सबसे बड़ा धन है। इसके सम्मुख सोना-चाँदी, रुपया-पैसा व्यर्थ है।

(1) 'संतोष' का विलोमार्थी शब्द है। **1**

(क) संतोषी (ख) असंतोष

(ग) संतुष्ट (घ) संतुष्टि

(2) संतोष रूपी धन मिलने पर क्या होता है? **1**

(क) वैभव धूल के समान लगते हैं। (ख) मन में संतुष्टि आ जाती है।

(ग) धन की लालसा बढ़ जाती है। (घ) मन दुखी हो जाता है।

(3) जब इच्छाएँ हम पर हावी हो जाती हैं तब क्या होता है? **1**

(क) मन में खुशी होती है। (ख) मन सदा असंतुष्ट रहता है।

(ग) मन संसार में रम जाता है। (घ) मन में लालसा होती है।

(4) संतोष का संबंध किससे है? **1**

(क) मन से (ख) धन से

(ग) वस्तुओं से (घ) तन से

(5) इस गद्यांश का शीर्षक क्या हो सकता है? **1**

(क) संसार (ख) संतोष का महत्त्व

(ग) जीवन (घ) व्यक्ति

3. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छाँटकर लिखिए। **5**

चिर सजग आँखे उनींदी आज कैसा व्यस्त बाना!
जाग तुझको दूर जाना!
अचल हिमगिरि के हृदय में आज चाहे कंप हो ले,
या प्रलय के आँसुओं से मौन अलसित व्योम रोले,
आज पी आलोक को डोले तिमिर की घोर छाया,
जागकर विद्युत-शिखाओं में निष्ठूर तूफ़ान बोले!
पर तुझे है नाश-पथ पर चिह्न अपने छोड़ आना!
जाग तुझको दूर जाना!
बाँध लेंगे क्या तुझे यह मोम के बंधन सजीले?
पंथ की बाधा बनेंगे तितलियों के पर रंगीले?
विश्व का क्रंदन भुला देगी मधुप की मधुर गुनगुन,

क्या डुबा देंगे तुझे यह फूल के दल ओस-गीले?
तू न अपनी छाँह को अपने लिए कारा बनाना!
जाग तुझको दूर जाना!
वज्र का उर एक छोटे अश्रु-कण में धो गलाया,
दे किसे जीवन सुधा दो घूँट मदिरा माँग लाया?
सो गई आँधी मलय की वात का उपधान ले क्या?
विश्व का अभिशाप क्या चिर नींद बनकर पास आया?
अमरता-सुत चाहता क्यों मृत्यु को उर में बसाना?
जाग तुझको दूर जाना!

(1) मानव को किन परिस्थितियों में आगे बढ़ने को कहा गया है? **1**

(क) सामान्य परिस्थितियों में (ख) विपरीत परिस्थितियों में

(ग) व्यस्त परिस्थितियों में (घ) कंपायमान परिस्थितियों में

(2) 'मोम के बंधन' का प्रयोग किस संदर्भ में किया गया है? **1**

(क) सांसारिक मोह-माया के (ख) प्यार के

(ग) रस्सी के (घ) तितलियों के

(3) मनुष्य को किसे अपनी कारा न बनाने को कहा गया है? **1**

(क) मोम के बंधन को (ख) तितलियों के पंखों को

(ग) ओस की बूंदों को (घ) स्वयं की परछाई को

(4) 'अमरतासुत' का संबोधन किसके लिए किया गया है? **1**

(क) ईश्वर के लिए (ख) अमर व्यक्ति के लिए

(ग) मनुष्य के लिए (घ) सोए हुए व्यक्ति के लिए

(5) 'अभिशाप' का विलोम शब्द बताइए। **1**

(क) श्राप (ख) फलदायी

(ग) वरदान (घ) अभिशापित

4. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए। **5**

कहाँ गया धनपति कुबेर वह
कहाँ गई उसकी वह अलका
नहीं ठिकाना कालिदास के
व्योम-प्रवाही गंगाजल का,
ढूँढ़ा बहुत परन्तु लगा क्या

मेघदूत का पता कहीं पर,
कौन बताए वह छायामय
बरस पड़ा होगा न यहीं पर,
जाने दो, वह कवि-कल्पित था,
मैंने तो भीषण जाड़ों में
नभ-चुंबी कैलाश शीर्ष पर,
महमेघ को झंझानिल से
गरज-गरज भिड़ते देखा है।
बादल को घिरते देखा है।
शत-शत निर्झर-निर्झरणी-कल
मुखारित देवदारू कानन में,
शोणित धवल भोज पत्रों से
छाई हुई कुटी के भीतर,
रंग-बिरंगे और सुंगधित
फूलों से कुंतल को साजे,
इंद्रनील की माला डाले
शंख-सरीखे सुधढ़ गलों में,
कानों में कुवलय लटकाए,
शतदल लाल कमल वेणी में,

(1) कवि के अनुसार किसका कोई ठिकाना नहीं है? **1**

(क) कालिदास के व्योम-प्रवाही गंगाजल का

(ख) धनपति कुबेर का

(ग) अलका का

(घ) मेघदूत का

(2) 'कवि-कल्पित' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **1**

(क) कवि का लिखा हुआ। (ख) कवि का पढ़ा हुआ।

(ग) कवि की कल्पना पर आधारित। (घ) कवि का सोचा हुआ।

(3) कवि ने कैलाश पर्वत के शीर्ष पर क्या देखा है? **1**

(क) बादलों को उड़ते हुए।

(ख) विशालकाय बादल को वायु से टकराकर गरजते हुए।

(ग) बादलों को बरसते हुए।

(घ) बादलों को वायु से उड़ते हुए।

(4) कवि को देवदार का जंगल बोलता हुआ क्यों प्रतीत हो रहा है? **1**

(क) क्योंकि यहाँ बहुत शोर है।

(ख) क्योंकि यहाँ बहुत से जीव-जंतु हैं।

(ग) क्योंकि यहाँ काफ़ी भीड़ है।

(घ) क्योंकि यह सैकड़ों झरनों-नदियों की कल-कल ध्वनि से गुंजायमान है।

(5) कुंतल को किस प्रकार के फूलों से सजाया गया है? **1**

(क) रंग - बिरंगे (ख) लाल

(ग) गुलाबी (घ) छोटे-छोटे

खंड 'ख'

5. (1) मोर नाचता है। - वाक्य में क्रिया भेद बताइए। **1**

(क) सकर्मक (ख) अकर्मक

(ग) द्विकर्मक (घ) प्रेरणार्थक

(2) राम ने रावण को मारा। वाक्य में क्रिया भेद बताइए। **1**

(क) सकर्मक (ख) द्विकर्मक

(ग) अकर्मक (घ) अन्य कोई

(3) नौकर ने कुत्ते को दूध पिलाया। वाक्य में क्रिया भेद बताइए। **1**

(क) प्रेरणार्थक (ख) अकर्मक

(ग) द्विकर्मक (घ) सकर्मक

(4) मालिक ने नौकर से कपड़े धुलवाए। वाक्य में क्रिया भेद बताइए। **1**

(क) अकर्मक (ख) सकर्मक

(ग) द्विकर्मक (घ) प्रेरणार्थक

6. (1) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है? **1**

(क) राम गन्ना चूसता है। (ख) शीला हँस रही है।

(ग) सोहन, मोहन से पुस्तक पढ़वाता है। (घ) सुरेश ने पत्र लिखा था।

(2) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है? **1**

(क) वह खेल रहा है। (ख) उसने बंदर को अमरूद खिलाया।

(ग) वह बच्चे को खिला रहा है। (घ) वह अपने पुत्र द्वारा पत्र लिखवाता है।

(3) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में द्विकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है? **1**

(क) राधा ने याचक को दान दिलवाया।

(ख) बच्चा डूब गया।

(ग) बच्चे हॉकी खेलते हैं।

(घ) तुम वहाँ जा कर बैठ जाओ।

(4) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में प्रेरणार्थक क्रिया प्रयुक्त हुई है? **1**

(क) माँ ने नीना को सुला दिया। (ख) सुधीर रोया

(ग) सीता, गीता को पानी पिलायेगी (घ) शिक्षक छात्र से पुस्तक पढ़वा रहा है।

7. (1) शिखा ने भोजन किया था। रेखांकित क्रिया का भेद बताइए। **1**

(क) अकर्मक क्रिया (ख) मुख्य क्रिया

(ग) सहायक क्रिया (घ) प्रेरणार्थक क्रिया

(2) नरेश ने नारियल तोड़ा है। रेखांकित क्रिया का भेद लिखिए। **1**

(क) मुख्य क्रिया (ख) सहायक क्रिया

(ग) अकर्मक क्रिया (घ) प्रेरणार्थक क्रिया

(3) 'खेलना' क्रिया का मूलरूप (धातुरूप) क्या है? **1**

(क) खिलवाना (ख) खिलाना

(ग) खेल (घ) कोई नहीं

(4) 'लिखना' क्रिया का प्रेरणार्थक रूप क्या है? **1**

(क) लिख (ख) लिखता है।

(ग) लिखा (घ) लिखवाया

8. (1) 'वार्षिक' रिपोर्ट आ गई है। – इसमें रेखांकित विशेषण का भेद बताइए। **1**

(क) गुणवाचक (ख) संख्या वाचक

(ग) परिमाण वाचक (घ) सार्वनामिक

(2) 'पाँच मीटर' कपड़ा में रेखांकित विशेषण का भेद बताइए। **1**

(क) संख्या वाचक (ख) गुण वाचक

(ग) सार्वनामिक (घ) परिमाण वाचक

(3) कुछ खाना दीजिए। इसमें 'कुछ' क्या है? **1**

(क) सर्वनाम (ख) संज्ञा

(ग) सार्वनामिक विशेषण (घ) क्रिया

(4) कुछ लड़के खड़े हैं। इस वाक्य में 'कुछ' कौन-सा विशेषण है? **1**

(क) निश्चित संख्यावाचक (ख) अनिश्चित संख्यावचक

(ग) परिमाण वाचक (घ) अनिश्चित परिमाण वाचक

9. (1) धीरे-धीरे बोलो कोई सुन लेगा। वाक्य में क्रिया-विशेषण छाँटकर लिखिए। **1**

(क) कोई (ख) धीरे-धीरे

(ग) सुन (घ) लेगा

(2) जल्दी जाओ जिससे समय पर पहुँच सको। रेखांकित क्रिया विशेषण का भेद बताइए। **1**

(क) रीतिवाचक (ख) स्थान वाचक

(ग) काल वाचक (घ) परिमाण वाचक

(3) घोड़ा तेज दौड़ता है। वाक्य में रेखांकित क्रिया विशेषण का भेद बताइए। **1**

(क) काल वाचक (ख) स्थान वाचक

(ग) रीति वाचक (घ) परिमाण वाचक

(4) तुम बिल्कुल थक चुके हो। वाक्य में रेखांकित क्रिया विशेषण का भेद लिखिए। **1**

(क) स्थान वाचक (ख) परिमाण वाचक

(ग) रीतिवाचक (घ) काल वाचक

खंड 'ग'

10. हमने सुना, बालगोबिन भगत का बेटा मर गया। कुतूहलवश उनके घर गया। देखकर दंग रह गया। बेटे को आँगन में एक चटाई पर लिटाकर एक सफ़ेद कपड़े से ढाँक रखा है। वह कुछ फूल तो हमेशा ही रोपते रहते, उन फूलों में से कुछ तोड़कर उस पर बिखरा दिए हैं; फूल और तुलसीदल भी। सिरहाने एक चिराग जला रखा है। और, उसके सामने ज़मीन पर ही आसन जमाए गीत गाए चले जा रहे हैं। वही पुराना स्वर, वही पुरानी तल्लीनता। घर में पतोहू रो रही है जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही हैं किंतु, बालगोबिन भगत गाए जा रहे हैं। हाँ गाते-गाते कभी-कभी पतोहू के नज़दीक भी जाते और उसे रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते। आत्मा परमात्मा के पास चली गई, विरहिन अपने प्रेमी से जा मिली, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात? मैं कभी-कभी सोचता, यह पागल तो नहीं हो गए। किंतु नहीं, वह जो कुछ कह रहे थे उसमें उनका विश्वास बोल रहा था - वह चरम विश्वास, जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है।

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए। **5**

(1) लेखक किसके घर गया? **1**

(क) बालगोबिन भगत के (ख) अपने मित्र के

(ग) अपने पड़ोसी के (घ) भगत के

(2) पुत्र के शव के सामने बैठे बालगोबिन भगत क्या कर रहे थे? **1**

(क) रो रहे थे। (ख) गीत गा रहे थे।

(ग) चिराग जला रहे थे (घ) फूल बिखेर रहे थे।

(3) बालगोबिन भगत अपनी पतोहू को क्या करने को कह रहे थे? **1**

(क) रोने को (ख) गाना गाने को

(ग) आनंद मनाने को (घ) उत्सव मनाने को

(4) बालगोबिन भगत की विचित्र बातें किस कारण उपजी थीं? **1**

(क) उनकी पीड़ा के (ख) उनके पागलपन के

(ग) उनके चरम विश्वास के (घ) उनके चरित्र के

(5) 'तल्लीनता' शब्द से प्रत्यय पृथक कीजिए। **1**

(क) आ (ख) नता (ग) ता (घ) त

अथवा

नवाब साहब ने बहुत करीने से खीरे की फाँकों पर जीरा मिला नमक और लाल मिर्च की सुर्खी बुरक दी। उनकी प्रत्येक भाव-भंगिमा और जबड़ों के स्फुरण से स्पष्ट था कि उस प्रक्रिया में उनका मुख खीरे के रसास्वादन की कल्पना से प्लावित हो रहा था।

हम कनखियों से देखकर सोच रहे थे, मियाँ रईस बनते हैं, लेकिन लोगों की नज़रों से बच सकने के खयाल में अपनी असलियत पर उतर आए हैं। नवाब साहब ने फिर एक बार हमारी ओर देख लिया, 'वल्लाह, शौक कीजिए, लखनऊ का बालम खीरा है।'

नमक-मिर्च छिड़क दिए जाने से ताज़े खीरे की पनियती फाँके देखकर पानी मुँह में ज़रूर आ रहा था, लेकिन इनकार कर चुके थे। आत्मसम्मान निबाहना ही उचित समझा, उत्तर दिया, 'शुक्रिया, इस वक्त तलब महसूस नहीं हो रही, मेदा भी ज़रा कमज़ोर है, किबला शौक फरमाएँ''

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए। **5**

(1) नवाब साहब ने खीरे पर क्या बुरका? **1**

(क) जीरा-मिला नमक और लाल मिर्च

(ख) जीरा-मिला नमक

(ग) नमक और लाल मिर्च

(घ) लाल मिर्च

(2) कनखियों से कौन देख रहा था? **1**

(क) मियाँ (ख) नवाब साहब

(ग) लेखक (घ) कवि

(3) क्या देखकर लेखक के मुँह में पानी आ गया? **1**

(क) खीरा (ख) खीरे की फाँकें

(ग) नमक-मिर्च (घ) खाने की चीज़

(4) लेखक ने क्या करने से मना कर दिया? **1**

(क) सीट पर बैठने से (ख) बातचीत करने से

(ग) रेल से उतरने से (घ) खीरा खाने से

(5) 'वल्लाह' किस श्रेणी का शब्द है? **1**

(क) तत्सम (ख) विदेशी

(ग) देशज (घ) तद्भव

11. निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : **2x5=10**

(क) कैप्टन कौन था? उसे कौन-सी बात आहत करती थी? **2**

(ख) हालदार साहब किस बात से दुखी हो गए? **2**

(ग) खीरे की घटना से लेखक क्या सोचने को विवश हो गया? **2**

(घ) लेखक ने क्या सोचकर सेकंड क्लास का टिकट लिया? **2**

(ङ) यदि हालदार साहब को नेताजी की मूर्ति पर चश्मा लगा नहीं मिलता तो उनके मन में किस प्रकार का भाव आता? **2**

12. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5**

फटिक सिलानि सौं सुधार्‌यौ सुधा मंदिर,
उद्धि दधि को सो अधिकाइ उमगे अमंद।
बाहर ते भीतर लौं भीति न दिखैए 'देव'
दूध को सो फेन फैल्यो आँगन फरसबंद।
तारा सी तरूनि तामें ठाढ़ी झिलमिली होति,
मोतिन की जोति मिल्यो मल्लिका को मकरंद।
आरसी से अंबर में आभा सी ऊजारी लगै,
प्यारी राधिका को प्रतिबिंब सो लगत चंद।

(i) इस काव्यांश की भाषा कौन-सी है? **1**

(ii) ये पंक्तियाँ किस छंद में लिखी गई हैं? **1**

(iii) कवित्त में किसकी सुंदरता का वर्णन हैं? **1**

(iv) आकाश की उपमा किससे दी गई है? **1**

(v) 'आरसी से अंबर में आभा सी उजारी लगें' में कौन सा अलंकार है? **1**

अथवा

बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत-छवि उर में, कवि, नवजीवन वाले!
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो -
बादल, गरजो!
विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाध के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अंनत के धन!
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो-
बादल, गरजो!

(i) काव्यांश की भाषा कौन-सी है? **1**

(ii) यह किस युग की कविता है? **1**

(iii) यह गीत किस प्रकार का है? **1**

(iv) यहाँ बादल किसका प्रतीक है? **1**

(v) 'घेर-घेर घोर गगन धाराधर ओ' में कौन-सा अलंकार है? **1**

13. निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए। **5**

(क) स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है? **2**

(ख) गोपियों ने किन-किन उदाहरणों के माध्यम से उद्धव को उलाहने दिए हैं? **2**

(ग) कवि ने 'श्रीब्रजदूलह' किसके लिए प्रयुक्त किया है और उन्हें संसार रूपी मंदिर का दीपक क्यों कहा है? **1**

14. भोलानाथ और उसके साथी कौन-कौन से खेल खेलते थे? **5**

अथवा

सरकारी तंत्र में जार्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर जो चिंता या बदहवासी दिखाई देती है। वह उनकी किस मानसिकता को दर्शाती है?

खंड 'घ'

15. आपका छोटा भाई छात्रवास में रहता है। वह इधर-उधर घूमने लगा है। उसे परिश्रम की सलाह देते हुए पत्र लिखिए। **5**

अथवा

प्राचार्य को पत्र लिखकर जुर्माना माफी का निवेदन कीजिए।

16. नीचे दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर निबंध लिखें। **5**

'मन का हारे हार है, मन के जीते जीत' :

सूक्ति पर विचार करते हुए एक निबंध लिखिए।

(**संकेत बिन्दु :** भूमिका, मन पर नियंत्रण आवश्यक, मन की चंचलता, मन की शक्ति, उपसंहार)

अथवा

वर्तमान युग में इंटरनेट अपनी उपयोगिता के कारण एक आवश्यकता बनता जा रहा है। इस पर विचार करते हुए एक निबंध लिखिए।

(**संकेत बिन्दु :** भूमिका, इंटरनेट की प्रणाली, इंटरनेट का प्रारंभ, विचार-विमर्श का सशक्त माध्यम, उपसंहार)

- o O o -